मतदाता साक्षरता क्लब

मतदान लोकतंत्र का अहम भाग है, जिसकी सार्थकता समाज की सक्रिय सहभागिता से पूर्ण होती है। शहर हो या गांव, मतदाता में मतदान की अलख जगाना अत्यन्त आवश्यक हो जाता है। इसी निमित्त महाविद्यालय के मतदाता साक्षरता क्लब द्वारा डॉ. मंजू फडिया एवं समिति सदस्यों के सहयोग से सत्र 2022–23 में छात्राओं को मतदान के प्रति जागरुक करने एवं नये मतदाताओं का ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण करने की दृष्टि से सत्र पर्यन्त विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

दिनांक 24 अगस्त 2022 को मतदाता संकाय सदस्य पंजीकरण कैंप आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय स्टाफ के सदस्यों को 'वोटर हैल्पलाइन ऐप के माध्यम से ऑनलाईन ट्रेनिंग दी गयी। 24 अगस्त 2022 (बुधवार को प्रातः 11.00 से अपराह्न, 2.30 बजे तक महाविद्यालय के पन्नाधाय सभागार में एक ''आधार एपिक पंजीकरण कैंप'' आयोजित किया गया। इसमें जिला निर्वाचन विभाग के मास्टर ट्रेनर श्री कांतिलाल मेघवाल द्वारा स्टाफ–सदस्यों को मतदाता कार्ड को आधार कार्ड से सम्बद्ध करने की ट्रेनिंग दी गई। पंजीकरण कैंप में महाविद्यालय के 56 संकाय सदस्य, मंत्रालय कर्मचारियों एवं सहायक कर्मचारियों को वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करवाया गया।

महाविद्यालय की प्रथम वर्ष कला की छात्राओं के ऑनलाइन पंजीकरण करवाने के उद्देश्य से ई.एल.सी राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर द्वारा दिनांक 19 सितम्बर 2022 को आयोजित ''आधार एपिक पंजीकरण कैंप'' में महाविद्यालय की 71 छात्राओं को 'वोटर हेल्पलाइन ऐप' डाउनलोड करवाया गया।

स्वीप गतिविधियों के आयोजन की श्रंखला के अंतर्गत दिनांक 09 नवंबर 2022 को महाविद्यालय की युवा नव मतदाताओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्तमान एवं नव–पंजीकृत मतदाताओं को जागरुक करना था।

आधार एपिक पंजीकरण कैंप (11 नवंबर 2022) भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मतदाताओं के आधार कार्ड को मतदाता कार्ड (EPIC) से जोड़े जाने हेतु ऑनलाइन गाइडलाइन के द्वारा पंजीकरण कैंप आयोजित किये गए। इसके अन्तर्गत महाविद्यालय की छात्राओं के लिए दिनांक 11/11/2022 को AADHAR EPIC पंजीकरण कैंप आयोजित किया गया। इसमें लगभग 50 छात्राओं में भाग लिया।

महाविद्यालय में दिनांक 25.11.2022 को 11.30 बजे पन्नाधाय सभागार में नवीन मतदाताओं के पंजीकरण हेतु क्लस्टर कैंप आयोजित किया गया। नवीन मतदाताओं के पंजीकरण के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की लगभग 186 छात्राओं ने भाग लिया।

क्लस्टर कैंप (03 दिसम्बर 2022) भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के अंतर्गत स्वीप गतिविधियों के आयोजन की श्रृंखला में दिनांक 03 दिसम्बर 2022 को नवीन मतदाताओं के पंजीकरण हेतु क्लस्टर कैंप आयोजित किया गया।

25 जनवरी 2023 को 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मीना बया द्वारा महाविद्यालय के संकाय सदस्यों मंत्रालयिक कर्मचारियों एवं छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मीना बया ने अपने संबोधन से छात्राओं में जोश का संचार करते हुए उन्हें यह बताया कि क्यों सबल और सफल लोकतंत्रात्मक समाज में बिना किसी प्रलोभन के मतदान किया जाना बेहद जरूरी है। महाविद्यालय ई.एल.सी. द्वारा 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर संकाय सदस्यों एवं छात्राओं के साथ मिलकर मतदाता जागरुकता, मतदाता की भूमिका एवं लोकतंत्र पर परिचर्चा का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में ई.एल.सी. सदस्य एवं छात्राओं में परस्पर विचार–विमर्श द्वारा मतदान के महत्व एवं मतदान के प्रति हमारे कर्तव्य को केन्द्र में रखकर परिचर्चा आयोजित की गई। 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मदनमोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, उदयपुर, में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मीना बया एवं ई.एल.सी. सह–नोडल अधिकारी डॉ. कुलदीप फड़िया को जिला स्तर पर प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर मतदाता जागरूकता एवं नव मतदाताओं का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाने में अपने योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसी कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में विजेता रही 07 छात्राओं एवं मतदाता साक्षरता क्लब में अपने बेहतरीन योगदान के लिए 06 छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

रा. मीरा कन्या महाविद्यालय रेन्जर टीम
उदयपुर (राज.)
राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर
निर्वाचन साक्षरता क्लब
18 वर्ष की उम्र कर ली पार
मिला वोट का अब अधिकार
राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय
उदयपुर
राष्ट्रीय सेवा योजना
"Not Me, But You"

मीरा कन्या महाविद्यालय

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय